दिन– शनिवार | दिनांक– 20 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य के तिहत्तर लाख किसानों समेत देश के नौ करोड़ से अधिक किसान के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की तेईसवीं किस्त की राशि अंतरित की।

02 प्रदेशभर के तीन सौ इकतीस केंद्रों पर कल नीट– यूजी पुनर्परीक्षा का होगा आयोजन। एनटीए के निर्देश पर आज सभी केंद्रों पर हुआ मॉक ड्रील।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भोजपुर के शाहपुर में सत्रह जून को हुई पुलिस मुठभेड़ मामले की न्यायिक जांच के आदेश दिये।

04. और, सत्तरवीं बीपीएससी संयुक्त परीक्षा का परिणाम जारी। श्रद्धा पांडेय बनी टॉपर। शशांक गौरव को दूसरा स्थान।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना की तेईसवीं किस्त की राशि जारी किया। पश्चिम बंगाल के हुगली में आयोजित कार्यक्रम में श्री मोदी ने नौ करोड़ चौवालीस लाख किसानों के बैंक खातों में अठारह हजार आठ सौ अस्सी करोड रुपए से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की। बिहार के तिहत्तर लाख से अधिक किसानों के बैंक खाते में योजना की राशि अंतरित की गयी है। इस अवसर पर पटना के बामेती सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

———————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए कल होने वाली नीट यूजी पुनर्परीक्षा से पहले आज राष्ट्रव्यापी मॉकड्रिल का आयोजन कर रहा है। परीक्षा से पहले मानक तैयारी के निरीक्षण के लिए यह अभ्यास किया गया। इस दौरान पटना में बापू परीक्षा भवन समेत राज्य के प्रमुख केंद्रों पर परीक्षा के आयोजन की तैयारियों को परखा गया। इसे लेकर यातायात व्यवस्था में भी परिवर्तन किया गया। नीट पुनर्परीक्षा के लिए राज्य के चौंतीस जिलों में तीन सौ इकतीस केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा में एक लाख छप्पन हजार से अधिक अभ्यर्थियों के शामिल होने की सम्भावना है। इधर, राज्य सरकार ने कदाचार

मुक्त वातावरण में परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। इधर, परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए राज्य सरकार की ओर से परिवहन विभाग विशेष बसों का परिचालन करेगा। साथ ही रेलवे की ओर से नीट परीक्षा अभ्यर्थियों के लिए विशेष ट्रेनें भी चलायी जायेंगी।

———————————————————————

नीट—यूजी पुनर्परीक्षा को लेकर पटना में कुम्हरार स्थित बापू परीक्षा भवन के आस—पास विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गयी है। कई मार्गों पर वन—वे ट्रैफिक लागू रहेगा। ट्रैफिक डीएसपी अनिल कुमार ने बताया कि परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने और शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए कई मार्गों पर डायवर्जन लागू किया जाएगा।

——साउंड बाइट——

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलौटी गांव में सत्रह जून को हुई पुलिस मुठभेड़ मामले की न्यायिक जांच के आदेश दिये हैं। श्री चौधरी ने कहा कि इस मामले की जांच उच्च्य न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा की जाएगी। सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायिक जांच का उद्देश्य घटना के सभी पहलुओं की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करना है। गौरतलब है की पिछले दिनों भोजपुर जिले के शाहपुर में भरत तिवारी नाम के एक व्यक्ति की कथित पुलिस मुठभेड़ के बाद मौत हो गयी थी। पुलिस ने अपने बयान में मृत युवक के आपराधिक घटनाओं में शामिल होने की बात कही थी, जिससे आक्रोशित मृतक के परिजनों ने विरोध प्रदर्शन किया था।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने सत्तरवीं संयुक्त परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में दो हजार सत्ताईस अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है। आयोग के अध्यक्ष रवि मनुभाई परमार ने आज परीक्षा परिणाम जारी करते हुए बताया कि पांच सौ तिरानवे अंक प्राप्त कर श्रद्धा पांडेय टॉपर बनी हैं। वहीं, पांच सौ बानवे अंकों के साथ शंशाक गौरव सेंकेंड टॉपर बने हैं, जबकि आयुष विजय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वर्ष दो हजार चौबीस में आयोजित सत्तरवीं बीपीएससी संयुक्त परीक्षा के पीटी में चार लाख से अधिक अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल हुए थे।

———————————————————————

जनता दल यूनाइटेड की राज्य परिषद और राष्ट्रीय परिषद की बैठक कल पटना में आयोजित की जाएगी। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने बताया कि बैठक में जदूय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में पार्टी की आगामी रणनीति पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में मंत्री, सभी सांसद, विधायक और एमएलसी मौजूद रहेंगे।

——साउंड बाइट——

———————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। पार्टी अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने आज पार्टी पदाधिकारियों की सूची जारी की। नई कार्यकारिणी में आठ उपाध्यक्ष, पांच महासचिव और छह सचिव बनाए गए हैं। मधुबनी से विधायक माधव आनंद को एक बार फिर प्रधान महासचिव बनाया गया है। अरविंद वाजपेयी को राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता सह–मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गयी है। पार्टी प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा है कि नई टीम सामाजिक न्याय, सुशासन और विकास के एजेंडे को संकल्प के साथ आगे बढ़ायेगी।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधानमंडल में अपने विभाग से संबंधित सवालों के जवाब देने के लिए तीन मंत्रियों को अधिकृत किया है। इनमें उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव तथा नीतीश मिश्रा के नाम शामिल हैं। श्री चौधरी ने गृह विभाग के सवालों का जवाब देने के लिए विजय कुमार चौधरी को, कार्मिक विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय और सिविल विमानन विभाग से संबंधित सवालों का जवाब देने की जिम्मेदारी उपमुख्यमंत्री सह–वित्त मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव को दी गयी है। वहीं निगरानी विभाग और निर्वाचन विभाग से जुड़े सवाल, ध्यानाकर्षण सूचनाओं का जवाब नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा देंगे।

———————————————————————

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल दुनियाभर में मनाया जाएगा। बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय है स्वस्थ आयु के लिए योग। यह विषय हर उम्र में योग के महत्व को रेखांकित करता है। हमारे संवाददाता ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर

पर संस्कृति मंत्रालय देशभर में एक सौ स्थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इनमें भारत की समृद्ध विरासत और योग परंपराओं को प्रदर्शित किया जाएगा।

——रिपोर्ट——

नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान ने कल मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले रन फॉर योग पर एक विशेष जुम्बा सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को अपने दैनिक जीवन में योग अपनाने के लिए प्रेरित करना था। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि योग केवल एक दिन मनाने की चीज नहीं है बल्कि इसे पूरे साल नियमित रूप से करना चाहिए। हमारे लिए यह बहुत जरूरी है कि हम 365 डेज योगा करें और इस बार योगा के ऊपर यह डिक्लेरेशन भी होने जा रहा है कि हम वर्ल्ड में कम से कम 15 से 20 मिनट अगर योग करते हैं, प्रणायाम करते हैं तो जो इस तरह  की लाइफ स्टाइल डिस्आर्डस हैं उनको हम बहुत अच्छी तरह से मैनेज कर सकते हैं और यह प्रूव हो चुका है।  अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य राष्ट्रीय कार्यक्रम कल कोलकाता के ऐतिहासिक रेड रोड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद और विदेशों में भारतीय मिशनों के संयुक्त प्रयासों से,  इस वर्ष योग दिवस के कार्यक्रम दुनिया भर में लगभग 2,500 स्थानों पर आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें 210 से अधिक भारतीय मिशन भाग ले रहे हैं। अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर मध्यप्रदेश के जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता में आयोजित मुख्य समारोह में शामिल होकर नेतृत्व प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हुगली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वे स्वयं बंगाल में योग दिवस का हिस्सा बनेंगे।

——साउंड बाइट——

इधर, प्रदेशभर में कई स्थानों पर योग शिविरों और जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य भी उपस्थित रहेंगे। विभिन्न योग संस्थानों, सार्वजनिक और निजी संस्थानों, सभी सरकारी और निजी स्कूलों समेत विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास सत्र का आयोजन होगा।

———————————————————————

राज्य के पूर्वी और दक्षिण—पूर्वी भागों में आंधी—बारिश की स्थिति बनी हुयी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज राज्य के उत्तरी और दक्षिण—पूर्वी भागों में कुछ स्थानों पर तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है। विभाग ने नवादा और पश्चिम चंपारण जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

——साउंड बाइट——

इधर, राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में भीषण गर्मी का दौर जारी है। मौसम विभाग ने भभुआ, भोजपुर और बक्सर जिले में लू चलने की संभावना को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर का भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

————————————————————

लखीसराय जिले के कवैया थाना क्षेत्र अंतर्गत संसार पोखर के पास खुदाई में मिली काले पत्थर की दुर्लभ प्रतिमा को संग्रहालय में स्थांतरित किया गया है। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सह– सहायक संग्रहालय अध्यक्ष मृणाल रंजन को आज प्रतिमा सौंप दी गयी। दो फीट ऊंची अत्यंत प्राचीन और यह दुर्लभ प्रतिमा नौंवीं से बारहवीं शताब्दी पाल काल की मानी जा रही है।

————————————————————

राज्य सरकार ने क्रिकेटर मुकेश कुमार और आकाश दीप को पुलिस उपाधीक्षक यानी डीएसपी पद पर नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया है।

————————————————————

किशनगंज जिले के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक सौ सत्तावन ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

बेगूसराय जिले की पुलिस ने एफसीआई थाना क्षेत्र से छिनतई मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

मधुबनी जिले की एक स्थानीय अदालत ने अपनी मां की हत्या मामले में दोषी पुत्र लालबाबू यादव को आजीवन करावास की संजा सुनाई है। अदालत ने बाईस हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया है। अठारह अगस्त दो हजार चौबीस को हरलाखी थाना क्षेत्र में इस जघन्य हत्या को अंजाम दिया गया था।

————————————————————

सीवान के प्रसिद्ध व्यवसायी सुनील कुमार श्रीवास्तव ब्लड डोनर क्लब के संरक्षक बने। श्री श्रीवास्तव को दधिची देहदान समिति की जिला इकाई का भी संरक्षक मनोनित किया गया।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य के तिहत्तर लाख किसानों समेत देश के नौ करोड़ से अधिक किसान के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की तेईसवीं किस्त की राशि अंतरित की।

02 प्रदेशभर के तीन सौ इकतीस केंद्रों पर कल नीट– यूजी पुनर्परीक्षा का होगा आयोजन। एनटीए के निर्देश पर आज सभी केंद्रों पर हुआ मॉक ड्रील।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भोजपुर के शाहपुर में सत्रह जून को हुई पुलिस मुठभेड़ मामले की न्यायिक जांच के आदेश दिये।

04. और, सत्तरवीं बीपीएससी संयुक्त परीक्षा का परिणाम जारी। श्रद्धा पांडेय बनी टॉपर। शशांक गौरव को दूसरा स्थान।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।